>

Title: Need to set up a Mega Food Park in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज):** बिहार राज्य एक पिछड़ा राज्य है । इसी राज्य अन्तर्गत मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज है जो अत्यंत ही पिछड़ा क्षेत्र है । यहां पर पिछड़ेपन की मार सबसे अधिक यहां कि किसानों को झेलनी पड़ती है । इसलिए हमारे संसदीय क्षेत्र के किसानों को अधिक से अधिक सुविधा और साधन उपलब्ध कराने की अति आवश्यकता है ताकि वो अच्छा जीवन जीते हुए हम सभी देशवासियों को भी जीने के लिए ऊर्जा का उत्पादन करते रहें ।

किसानों की सुविधा को बढ़ाते हुए उनके आय को दोगुना करने के लिए आज हमारी सरकार भी संकल्पबद्ध है । ऐसे में हमारे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की योजना के तहत एक मेगा फूड पार्क की स्थापना हो जाती है तो किसानों की आय में वृद्धि, उनके उत्पादित माल को अधिक से अधिक दिनों तक सुरक्षित रखने, भंडारण के अभाव में औने-पौने दामों पर खाद्यान्न बेचने की उनकी मजबूरी, उनके उत्पादित फल-सब्जी, मछली आदि को भी अधिक दिनों तक सुरक्षित रखने में अधिक से अधिक मदद मिल सकेगी । इसके अलावा मेगा फूड पार्क की स्थापना से हमारे ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार भी मिलने का अवसर उपलब्ध होगा ।

अतः केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, बिहार अन्तर्गत मेगा फूड पार्क स्थापित किया जाये ।